कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 08/04/2025

विषयः- **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 15 वर्षीय नाबालिक बालिका का अपहरण करने वाले बाल अपचारी को गिरफ्तार करते हुये बालिका की सकुशल बरामदी करने में सफलता प्राप्त किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 07.04.2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0 41/2025 धारा 137(2) बीएनएस से संबधित अपृहता व बाल अपचारी को आज दिनांक 08/4/2025 को मुखबिर की सूचना पर हरिशचन्द्र पार्क के अन्दर बने विसर्जन कुण्ड के पास से 15 वर्षीय बालिका का अपहरण करने वाले बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया तथा बालिका की सकुशल बरामदगी किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 87 बीएनएस की बढोत्तरी किया गया। गिरफ्तारशुदा बाल अपचारी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- वादिनी की पुत्री जो घर से बाहर निकली थी घर वापस न आने के सम्बन्ध मे पंजीकृत हुआ ।

विवरण पूछताछः- बाल अपचारी पूछताछ मे बता रहा है कि साहब हम एक दूसरे को पहले से ही जानते है तथा शादी करना चाहते है इसी कारण लड़की को भगा कर ले जा रहा था कि पुलिस द्वारा हम पकड़ लिया .गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष

बरामदगी का विवरण- पीड़िता/ अपहृता को बरामद किया गया।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 08.04.2025 - हरिशचन्द्र पार्क के अन्दर बने विसर्जन कुण्ड के पास से थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री प्रशान्त गुप्ता चौकी प्रभारी गायघाट, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. का0 गोविन्द सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. का0 अरुण कुमार व्यास थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 प्रशान्त तिवारी,सर्विलासं सेल वाराणसी।
5. म0का0 नरगिश परवीन, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
काशी जोन कमिश्नरेट वाराणसी।